लखनऊ नगर निगम,लखनऊ

लालबाग,टी0एन0रोड,लखनऊ–226001(उ0प्र0)
ई–मेल nnlko@up.nic.in

पत्र सं0: 292/मु॰ अ॰/26-27 | दिनांक: 31/10/26

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 06/11/2026 को मोहरबन्द अति–अल्पकालिक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 05/11/2026 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता/मुख्य वित्त लेखाधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 06/11/2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षग अधिकारी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अविध	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी0एस0टी0	कुल निविदा मूल्य जी.एस. टी. सहित
1	भरवारा–मल्हौर वार्ड के अन्तर्गत निजामपुर मल्हौर में प्राचीन हनुमान मन्दिर परिसर में छठ घाट का निर्माण कार्य।	675868.00	67587.00	03 दिन	676.00	122.00	798.00
2	भरवारा–मल्हौर वार्ड के अन्तर्गत लौलाई में स्थित तालाब के किनारे छठ घाट में रेलिंग एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य।	814602.00	81460.00	03 दिन	815.00	147.00	961.00
3	चिनहट प्रथम वार्ड के अन्तर्गत विनीत खण्ड–1 में बल्केश्वर महादेव मन्दिर के सामने स्थित पार्क में छठ घाट का निर्माण कार्य।	390353.00	39035.00	03 दिन	390.00	70.00	461.00

शर्तें :–

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
2. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0व्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :–

1– मा0 महापौर महोदया को सादर सूचनार्थ।
2– मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय।
4– नगर आयुक्त महोदय।
5– अपर नगर आयुक्त।
6– अधिशासी अभियन्ता को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना का सत्यापन कर ले।
7– प्रभारी अधिकारी प्रचार को नियमानुसार न्यूनतम-02 राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों मे विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने हेतु।
8– प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर को निविदा सूचना वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।
9– नोटिसबोर्ड।

मुख्य अभियन्ता 31/10